पंजाब केसरी 10/11/2024

संगीत ही एकमात्र ऐसी दवा, जो रूह को सुकून और आत्मा को शांति देती है : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 9 नवम्बर (बलराम): अम्बाला म्यूजिकल क्लब द्वारा शनिवार को बैठक के 9वें सीजन का आयोजन किया गया। जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं कैंटोनमैंट बोर्ड के सी.ई.ओ. राहुल आनंद शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। क्लब चेयरमैन डा. नवीन गुलाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य क्लब के सभी सदस्यों द्वारा मिलकर भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए योजना बनाना है। यही नहीं, बैठक कार्यक्रम के अंतर्गत एक सुरमई शाम का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें क्लब के मशहूर कलाकार अपनी जादुई आवाज की छटा बिखेरते हैं।

कार्यक्रम में मौजूद अम्बाला म्यूजिकल क्लब के पदाधिकारी। (देवदत्त)

मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित डा. रोहित दत्त ने अम्बाला म्यूजिकल क्लब द्वारा संगीत एवं कला के क्षेत्र किए जा रहे प्रयासों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भागदौड़ भरी इस जिंदगी में संगीत ही एक मात्र ऐसी दवा है जो रूह को सकून और आत्म को शांति देती है और साथ ही फिर से डट कर काम करने के लिए उत्साह से भर देती है। मुख्यातिथि राहुल आनंद शर्मा ने संगीत के विषय में अपने विचार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि संगीत ईश्वर के सम्मान और आत्मा के अनुमेय आनंद के लिए एक सुखद सामंजस्य है।

गौरतलब है कि 8 नवम्बर की शाम को सैंट्रल फीनिक्स क्लब अम्बाला में आयोजित बैठक की मेजबानी क्लब के सदस्य लक्की सिंह एवं डा. नवीन गुलाटी के द्वारा की गई। कार्यक्रम में जाने-माने गायकों संजीव भूटानी, डा. विवेक कोहल, राधिका ग्रोवर, नीति गोग्यिा, मनीषा मल्होत्रा, प्रीत चोपड़ा, राहुल भूटानी आदि गायकों ने भारतीय संगीत जगत के सदाबहार प्यारे के नगमे एवं देशभक्ति के गाने गाए और माहौल को रंगारंग बनाया। क्लब के प्रधान संजीव भूटानी एवं सैक्रेटरी दीपिका मल्होत्रा सहित सभी सदस्यों ने चेयरमैन डा. नवीन गुलाटी एवं लक्की सिंह का कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

क्लब के सदस्य लक्की सिंह ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि वे ऐसे म्यूजिकल क्लब का एक अहम हिस्सा हैं जो अम्बाला के संगीतप्रेमियों के मन में आज भी संगीत के सुनहरे काल को संजोय हुए है।

डा. नवीन गुलाटी ने कहा कि जल्द ही हमेशा की तरह अम्बाला म्यूजिकल क्लब अम्बालावासियों के लिए बड़े पैमाने पर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसके अंतर्गत आज के युवा कलाकारों को अपनी कला का नि:शुल्क प्रदर्शन करने का मौका दिया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 के प्राचार्य अमित अरोड़ा, चरणजीत सिंह सेठी, गीतांजलि आनंद शर्मा, सीमा गुलाटी एवं प्रेम महेंदू विशेष रूप से उपस्थित रहे।